## एक नजर

### खेत में बिजली गिरने से किसान की मौत

**गजरौला।** बेटों के साथ खेत की सिंचाई कर रहे किसान पर आंधी-बारिश के बीच बिजली गिर गई। जिसमें किसान की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार में हादसे के बाद चीख पुकार मची रही। थाना गजरौला क्षेत्र के गांव सुहास के रहने वाले गेंदनलाल (50) पुत्र तोताराम खेती करते थे। शनिवार सुबह करीब सात बजे वह गांव के बाहर की तरफ स्थित अपने गन्ने के खेत में सिंचाई करने गए थे। इस दौरान आंधी-बारिश होने लगी। इसी बीच बिजली गिरने से उनका एक हाथ झुलस गया और कुछ ही देर में मौके पर मौत हो गई। खेत पर उनके बेटे अनिल और विपिन भी थे। पिता को अचानक जमीन पर गिरते देख उनके होश उड़ गए। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। आसपास के खेतों पर काम कर रहे लोग भी जमा हो गए। सुहास चौकी इंचार्ज मोहम्मद असलम ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर गए थे। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के तीन पुत्र और दो पुत्री हैं। जिसमें एक छोटा बेटा दिव्यांग है।

### आंधी से आम को नुकसान, साठा धान और गन्ने को फायदा

**बिलसंडा।** पिछले सप्ताह भर से उमस भरी गर्मी के कारण लोग परेशान थे। कई दिनों से सुबह मौसम नम होता जरूर था, लेकिन दोपहर और शाम उमस परेशान कर रही थी। शनिवार सुबह मौसम बदला और राहत मिली। सुबह सात बजे तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इससे लोगों को सुकून मिला। लोगों का कहना है कि भले ही तेज बारिश हुई हो, लेकिन यह खेती के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इससे पहले से खेतों में खड़ी फसल को भले ही राहत मिली हो, लेकिन यह खरीफ सीजन की फसलों के लिए पर्याप्त नहीं है। बारिश से पहले आई तेज आंधी ने आम की फसल को नुकसान पहुंचाया। ईंट भट्ठा मालिकों का भी नुकसान हुआ। कच्ची ईट सूखने से पहले ही भीग गई। हालांकि इस बारिश से खेतों में खड़ी साठा धान और गन्ने की फसल को फायदा पहुंचा है। कस्बे व ग्रामीण इलाकों में जलभराव की समस्या रही।


शहर की चूड़ी वाली गली में बारिश के बाद सड़क पर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार


शहर के चावला चौराहा के पास सड़क पर नाला ओवरफ्लो होने से सड़क पर भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार


गंदे पानी से होकर गुजरती छात्रा। ● अमृत विचार

# 50 मिनट की बारिश से बिगड़ी शहर की सूरत ...हर तरफ दिखा जलभराव

## नाले की सफाई और जलनिकास का समुचित प्रबंध नहीं होने से बढ़ी दिक्कत, मुख्य मार्गों से लेकर शहर की हर गली और मोहल्ले गंदे पानी में डूबे नजर आए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नगर पालिका के सफाई अभियान के दावों की भी खुली पोल
- शहर में चौतरफा देखने को मिली लापरवाही की तस्वीर

**अमृत विचार :** जिसका डर था वहीं हुआ, पचास मिनट हुई बारिश ने ही सरकारी सिस्टम की पोल खोल कर रख दी। नालों की सफाई, जलनिकासी का समुचित प्रबंध न होने से शहर बारिश में डूबा नजर आया। गली, मोहल्ल व सड़कें जलमग्न हो गईं। जगह-जगह जलभराव से रफ्तार थम गई। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। न लोग घरों से निकले न वाहन चले। कई जगह हादसे भी हुए। शहर की पेयजल और बिजली सप्लाई भी प्रभावित हुई। गजरौला में खेत बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। शहर में चौतरफा नगर पालिका की लापरवाही की तस्वीर देखने को मिली।

दरअसल, हर बार की तरह इस बार भी नगरपालिका मानसून आने से पहले नालों की सफाई के नाम पर औपचारिकता निभा रहा है। शहर में शनिवार सुबह सात बजे झमाझम बारिश शुरु हुई। इसके बाद 7:50 बजे तक लगातार तेज बारिश हुई। 50 मिनट हुई बारिश से आमजन त्रस्त दिखाई दिए। सड़कों पर और घरों के बाहर पानी भर गया। शहर के छिपियान मस्जिद, चूड़ी वाली गली, अग्रवाल सभा रोड, ड्रमंडगंज चौराहा, पुरानी तहसील रोड, स्टेशन रोड, लक्ष्मी टॉकीज, चावला चौराहा, छतरी चौराहा, बल्लभ नगर कॉलोनी, स्टेशन परिसर में पानी भरा रहा। जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। अशोक कॉलोनी की गलियों में जलभराव हो गया तो वहीं, एकता नगर, निरंजनकुंज, बागगुलशेर खां साहूकारा, सुनगढ़ीआदि इलाकों में जलभराव रहा। सबसे बुरा हाल स्टेशन रोड का दिखा। रोड पर एक फुट से ऊपर पानी था। नालियां चोक होने से पानी का निकास नहीं हो सका। कई दुपाहिया वाहन पानी में बंद हो गए। जलभराव की दिक्कत दूर हुई तो कीचड़ मुसीबत का सबब बन गई।

इधर, मौसम विशेषज्ञ डॉ. एस एस ढाका ने बताया कि शनिवार को पांच मिमी बारिश हुई है। बारिश की वजह से तापमान में तीन डिग्री की गिरावट देखने को मिली है। मगर उमस बरकरार रही। रविवार को भी बादल छाए रहेंगे। साथ ही हल्की बारिश होने की संभावना है।

### सड़क पर फैली मिट्टी ने बढ़ाई फिसलन

शहर में कराए गए जा रहे 22 नालों का निर्माण भले ही अभी पूरा नहीं हो सका हो। मगर कार्यदायी संस्था की ओर से सड़क किनारे मिट्टी के ढेर लगा दिए गए हैं। जो बारिश होने की वजह से सड़कों पर फैल गई, जो राहगीरों के लिए मुसीबत बनती रही। छतरी चौराहा, यशवंतरी देवी मंदिर रोड, काला मंदिर, दूधिया नाथ मंदिर समेत कई जगह कीचड़ फैल रही। तो वहीं कई अन्य स्थानों पर नाला सफाई के दौरान निकली गई सिल्ट का उठान न होने पर वह दोबारा से नाले में समा गई।



नगरपालिका कार्यालय में भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

### पालिका कार्यालय में भी जलभराव

शनिवार सुबह महज पांच मिलीमीटर की बारिश में जहां पूरे शहर की सड़कें जलमग्न थी तो वहीं, नगरपालिका कार्यालय भी पानी में डूबा हुआ दिखा। नगरपालिका कैंपस में ही जलनिकासी की सुविधा नहीं होने पर पानी भरा रहा। लोगों को काफी समस्या हुई। इसके अलावा सड़क के बाहर भी पानी भरा रहा। गनीमत यह रही कि शनिवार होने के चलते कार्यालय का अवकाश था। वरना यहां आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता। तो वहीं स्टेशन सड़क तक कीचड़ फैली रही।


शहर की पॉश अशोक कॉलोनी में हुआ जलभराव। ● अमृत विचार


स्टेशन परिसर के बाहर भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार



मेडिकल कॉलेज में पानी भरने पर दीवार और ईट के सहारे रास्ता पार करती महिलाएं।

### विद्युत उपकेंद्र की आवासीय कॉलोनी में जलभराव

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** शनिवार सुबह हुई बारिश से कस्बेवासियों को गर्मी से राहत मिली लेकिन सड़कों पर फैली अव्यवस्थाएं आफत बन गई। विद्युत उपकेंद्र जाने वाले मार्ग के किनारे बने नाले के पानी का समुचित निकास न होने से पर विद्युत उपकेंद्र की आवासीय कॉलोनी में जलभराव हुआ। जिससे कर्मचारी व उनके परिवार परेशान रहे। नगर के अन्य रास्तों में भी कुछ देर के लिए जलभराव की दिक्कत रही।



### मेडिकल कॉलेज कैंपस में भरा पानी, ईटों के सहारे निकले मरीज

बारिश से शहर ही नहीं बल्कि मेडिकल कॉलेज कैंपस में जलभराव रहा। एमसीएच विंग के पास रास्ता ऊंचा नीचा होने के कारण वहां पानी भर गया। वहीं कैंपस के भीतर में जलभराव हुआ। हालांकि कुछ देर बाद अस्पताल के अंदर का पानी निकाल दिया गया। मगर कैंपस में पानी भरा रहा। जिस वजह से वहां आने वाली महिला मरीजों को समस्या का सामना करना पड़ा। मरीज अपने तीमारदारों के साथ बाइक या फिर ईटों के सहारे रास्ता पार करके अस्पताल के भीतर पहुंच रहे थे।




# बिजली गुल हुई तो सब स्टेशन में घुसकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** गांव में बिजली सप्लाई न मिलने पर नाराज लोगों ने उपकेंद्र में घुसकर ऑपरेटर और लाइन मैन की पिटाई कर दी।ऑपरेटर ने सरकारी अभिलेख फाड़ने और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है।

थाना सेहरामऊ क्षेत्र के कस्बा कुरेंया खुर्दकलां में 33 केवीए बिजली उपकेंद्र है। बताते हैं कि शुक्रवार रात मोहल्ला मनिहार में बिजली सप्लाई न आने की शिकायत पर सब स्टेशन ऑपरेटर अनुज कुमार ने लाइनमैन गौतम को ट्रांसफार्मर चेक करने के लिए भेजा। लाइनमैन ने ट्रांसफार्मर के फ्यूज बदल दिए। इसके बावजूद बिजली आपूर्ति चालू नहीं हुई। इस पर लाइनमैन ने ट्रांसफार्मर खराब होने के बारे में बताया। आरोप है मनिहार मोहल्ला के करीब 15 लो

ग उप केंद्र पर जा धमके। उन्होंने बिजली सप्लाई हर हाल में चालू करने की बात कहते हुए लाइनमैन के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर दी। वहां मौजूद ऑपरेटर अनुज कुमार ने बीच बचाव किया। घटना का वीडियो बनाने पर लोगों ने कंट्रोल रूम में घुसकर सब स्टेशन ऑपरेटर के साथ मारपीट शुरू कर दी और मोबाइल छीन लिया। आरोप है मारपीट करने वाले लोगों ने कंट्रोल रूम में रखे सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए और कुर्सी मेज तोड़ डालीं।

पिटाई से ऑपरेटर और लाइनमैन दोनों घायल हो गए। ऑपरेटर ने कार्रवाई के लिए थाना सेहरामऊ पुलिस को तहरीर दी। शनिवार सुबह पुलिस ने बिजली घर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल की। बिजली घर में हुई मारपीट का वीडियो भी वायरल हो रहा है। एसओ सेहरामऊ उत्तरी प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बारिश में लोकल फाल्ट की समस्या बढ़ी, उपभोक्ता परेशान

- दोपहर में बारिश रुकी तो नकटादाना चौराहा जल उठे तार
- दमकल टीम ने पहुंचकर बुझाई आग, मची रही अफरा-तफरी

**पूरनपुर।** बारिश के बाद मौसम ने एक तरफ भीषण गर्मी से तराईवासियों को कुछ राहत दी, लेकिन हर बार की तरह बिजली संकट के हालात पैदा कर गई। लोकल फाल्ट होने प शहर की बिजली घंटों गुल रही। बारिश रुकने के बाद टनकपुर हाईवे पर नकटादाना चौराहा पर बिजली के पाले में तारों के मकड़जाल में आग लग गई। दमकल टीम ने पहुंचकर आग पर काबू किया। इस दौरान हाईवे पर हड़कंप मचा रहा। गर्मी की शुरुआत होते ही बिजली व्यवस्था गड़बड़ा गई है। शनिवार सुबह अचानक मौसम बदला और तेज आंधी -बारिश के बाद सप्लाई लड़खड़ा गई। मोहल्ला अशरफ खां में पेड़ तारों पर गिर गया। टनकपुर हाईवे पर निरंजनकुंज कॉलोनी, कचहरी के नजदीक समेत कई जगह फाल्ट हो गए। नकटादाना सब स्टेशन में भी खराबी आ गईर। जिसके ाबद बिजली गुल हो गई ।बारिश तो रूक गई लेकिन बिजली संकट बना रहा। दोपहर में भी कई इलाकों में बिजली गुल रही। इसके अलावा टनकपुर हाईवे पर नकटादाना चौराहा के पास बिजली के पोल में आग लग गई। तारों के मकड़जाल जलना शुरू हो गए। पेड़ की टहनियों पर भी आग पहुंचने लगी तो अफरा-तफरी मच गई। शनिवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे हुए हादसे की सूचना पर पुलिस पहुंची। आग बढ़ती देख ट्रैफिक को रोक दिया गया। जिसके बाद दमकल टीम पहुंची और आग पर काबू किया। दोपहर में सप्लाई चालू कर दी गई। मगर इसके बाद भी छिटपुट फाल्ट के चलते सप्लाई बंद रही।


पोल पर जलते तारों के मकड़जाल।

## आंधी और बारिश से तबाह हुए गरीबों के आशियाने


आंधी से क्षतिग्रस्त हुआ छप्पर। ● अमृत विचार

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** शनिवार सुबह बारिश से पहले आई आंधी ने गरीबों के आशियानों पर खूब कहर बरपाया। कई घरों की छतों पर पड़ी टिनशेड हवा में उड़ गए तो छपपर भी क्षतिग्रस्त हो गए। जिससे लोग खुले आसमान के नीचे आ गए। क्षेत्र के गांव मुड़िया भगवंतपुर निवासी अर्जुन, घुरी खुर्द निवासी झांझन लाल, सर्वेश कुमार, मकरंदापुर चौराहे पर धर्मेंद्र कुमार समेत कई ग्रामीणों की घरों में पड़े टीन शेड आंधी की चपेट में आकर उड़ गए और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आंधी बारिश रुकने के बाद ग्रामीण उसे ठीककरने में जुटे रहे।






# मकान में मिला वृद्धा का शव, बेटी बोली- भाई ने कर दी जहर देकर हत्या

## कोतवाली के मोहल्ला बख्तावरलाल में शनिवार शाम हुई घटना, छानबीन में जुटी पुलिस

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्धा की मौत हो गई। उसका शव अपने ही मकान में पड़ा मिला। मृतका की विवाहिता बेटी ने मौके पर पहुंचकर सगे बेटे पर जहर देकर मां की हत्या करने का आरोप लगाया। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतका बिंदु का फोटो।

घटना शनिवार शाम की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बख्तावरलाल की रहने वाली 55 वर्षीय बिंदु पत्नी रघुवीर सरन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती थीं। उनके पति की मौत हो चुकी है। तीन बेटियां रचना, नीतू और शीतल की शादी हो चुकी है। वह अपने 24 वर्षीय पुत्र बृजेश उर्फ सागर के साथ रहती थी। उनकी विवाहित पुत्री शीतल नगर में ही मोहल्ला दुबे में रहती है। शनिवार शाम को वह मां की खैर खबर लेने के लिए मकान पर पहुंची। उनका कहना है कि मकान बंद था। जब वह मकान के भीतर गई तो मां बिंदु मृत हालत में मिली। अपने सगे भाई और मृतका के बेटे बृजेश पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया। वृद्धा की हत्या का शोर मचते ही आसपास के काफी लोग जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताते हैं कि उस वक्त बेटा घर पर नहीं था। पुलिस ने आसपास के लोगों से संपर्क कर जानकारी जुटाई। घटना के चलते हड़कंप मचा रहा।



वृद्धा की हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

### मां का नहीं उठा फोन, भाई नशे में..इसलिए दौड़ी शीतल

घटना के बाद पुलिस इस मामले की कई पहलुओं पर जांच कर रही है। शीतल की मानें तो उसने दोपहर में मां से फोन पर बात करने के लिए कॉल की थी। मगर मां की कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद जब उसकी भाई बृजेश से फोन पर बात हुई तो वह नशे की हालत में था। उसने कहा कि मां ने कुछ खा लिया है। इस पर उन्हें शक हुआ और वह मां की खैर खबर लेने कुछ ही देर में पहुंच गई। घर आकर देखा तो मां मृत हालत में मिली। उनका कहना है कि शरीर पर चोट के निशान भी है। आसपास के लोगों से पता चला है कि नशे में शुक्रवार से झगड़ा कर रहा था। बाद में नशे की हालत में मकान पर पहुंचे बेटे बृजेश को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ पुलिस की टीमें कर रही हैं।

- मृतका के बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस
- शव पोस्टमार्टम को भेजा

### छह माह पहले भी कर चुका हत्या की कोशिश

मृतका की पुत्री शीतल ने बताया कि उनका भाई बृजेश नशा अधिक करता है। कोई कामकाज नहीं करता। मां मेहनत मजदूरी करती हैं। आरोप है कि बृजेश आए दिन मां से नशा करने के लिए रुपये मांगता था। रुपये न देने पर झगड़ा करता था। ये भी आरोप लगाए कि करीब छह माह पहले भी मां को जहर देकर हत्या करने की कोशिश कर चुका है। उस वक्त समय पर इलाज करा लिया था तो जान बच गई थी।

> एक महिला की मौत की सूचना मिली थी। बहनें अपने भाई पर ही मां की हत्या का आरोप लगा रही हैं। मौका मुआयना कर जांच चल रही है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।
> **– अशोक पाल,** कोतवाल बीसलपुर

## हादसे में युवक की मौत मामले में एफआईआर

**बीसलपुर।** कटना नदी पुल के पास हुई बाइकों की टक्कर में घायल युवक की बरेली के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने परिजन से मिली तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है। शाहजहांपुर जनपद के थाना कटरा क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी अमित कुमार ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र अभिषेक कुमार बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर में अपनी ननिहाल गया था। वह अपने मामा पंकज की बाइक पर सवार होकर 11 दिन पूर्व ममेरे भाई पिंकू संग भोजपुर कटरा गांव जा रहा था। कटना नदी पुल के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। उसे बरेली के अस्पताल भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

## दिव्यांग युवती से दुष्कर्म के दो आरोपी पुलिस ने जेल भेजे

**पूरनपुर, अमृत विचारः** दिव्यांग युवती के साथ दुष्कर्म करने और मोबाइल से उसकी अश्लील वीडियो बनाकर धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को चालान कर कोर्ट में पेश करके दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक दिव्यांग युवती से छह मई को गांव के ही उमेश ने दुष्कर्म किया था। आरोप था कि उसके साथी धीरज कुमार ने दुष्कर्म का वीडियो मोबाइल से बनाया और शिकायत करने पर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इस मामले में युवती के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई थी। कुल पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी उमेश और धीरज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक धीरज का मोबाइल कब्जे में लेकर उसके मोबाइल से युवती की वीडियो डिलीट करा दिए गए। दोनों आरोपियों के गिरफ्तार करने के बाद काफी संख्या में उनके परिजन कोतवाली के बाहर जमा हो गए। जिन्हें पुलिस ने हटाया। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## नतीजा शून्य, बरेली से पहुंची एटीएस ने देखा घटनास्थल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



इसी मकान में धमाके के बाद लगी थी आग।

- दो दिन पहले बंद मकान में ब्लास्ट के बाद आग लगने का मामला
- पुलिस की टीमें फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से कर रही पड़ताल

**अमृत विचारः** बंद मकान में ब्लास्ट के बाद आग लगने का मामला पुलिस के लिए भी रहस्य बना हुआ है। एक दिन पूर्व फॉरेंसिक टीम की मदद से सुरागरसी की गई थी। दूसरे दिन बरेली से एटीएस पहुंची और घटनास्थल को देखा। हालांकि अभी कोई नतीजा नहीं निकल सका है। टीमें गहनता से पड़ताल कर रही हैं कि आखिर ब्लास्ट हुआ कैसे? उधर, मोहल्ले के लोगों में भी घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। जिनका जवाब हर कोई तलाशता रहा।

घटना गुरुवार देर रात की है। शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी फल व्यापारी रईस हुसैन के बंद मकान में ब्लास्ट के बाद आग लग गई थी। वह करीब छह माह से अपने भाई इमरान समेत अन्य परिजन संग नेपाल के धनगढ़ी में रह रहे हैं। मकान के बाहरी हिस्से में किराएदार फरीद अहमद रहते हैं, वह भी बुधवार को बरेली चले गए थे। मकान घटना की रात खाली था। मोहल्ले के लोगों ने आग पर बमुश्किल काबू किया था। आग लगने की वजह सामने नहीं आ सकी थी। शुक्रवार दोपहर को एसपी अविनाश पांडेय ने फॉरेंसिक टीम संग मौका मुआयना किया था। जिसमें फ्रिज की तरफ ब्लास्ट प्वाइंट होने की संभावना जताई गई थी। जिस महिला के पास मकान की चाबी थी वह भी घायल हुई थी। उसने बंद मकान में चार लोगों के होने और उस पर हमला करने की बात कही थी। जिससे मामला और उलझ गया था। इस घटना के बाद तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो रही है। जिसको देखते हुए पुलिस अधिकारी भी गहनता से पड़ताल करने में जुटे हुए हैं। शनिवार को बरेली से एटीएस पीलीभीत पहुंची। मकान को एक दिन पहले ही पुलिस यलो टेप लगाकर सील कर चुकी थी। टीम ने मौका मुआयना कर कई बिंदुओं पर पड़ताल की। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि मामले में अभी सुरागरसी चल रही है। स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट न होने पर जांच चल रही है, जल्द ही तस्वीर साफ हो जाएगी।

## एसपी ने विवेचना में लापरवाही पर दो दरोगा निलंबित किए

संवाददाता, पूरनपुर

- कार्रवाई से पुलिस विभाग में मची खलबली, अन्य मामलों के निस्तारण में आई तेजी

**अमृत विचारः** दुर्घटना सहित लंबित मामलों की विवेचना निपटाने में लापरवाही बरतना दो दरोगाओं को महंगा पड़ा। एसपी ने इसे गंभीरता से लेते हुए दो दरोगा निलंबित कर दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद मामलों के निस्तारण को लेकर अन्य पुलिसकर्मियों में तेजी आ गई। वहीं, विभाग में खलबली मची रही।

जनपद की कमान संभालने के बाद से ही एसपी अधीक्षक अविनाश पांडेय लॉ एंड ऑर्डर को लेकर काफी गंभीर हैं। थाना प्रभारी और उप निरीक्षकों को वह पहले ही विवेचनाओं को शीघ्र निपटाने के निर्देश दे चुके थे। इसके बावजूद पूरनपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रकाश चंद शर्मा और अभिषेक यादव के पास कई विवेचनाएं लंबित रही। लगातार मिली रही चेतावनी के बाद भी दरोगाओं ने विवेचना निपटाने के लिए गंभीरता नहीं दिखाई। उनका निस्तारण नहीं किया गया। सड़क दुर्घटना के एक मामले में को लंबे समय तक लंबित रखा गया। इसकी शिकायतें होनी लगी।

मामला संज्ञान में आने पर एसपी ने शेरपुर में तैनात दरोगा प्रकाश चंद शर्मा और कस्बे में तैनात अभिषेक यादव को निलंबित कर दिया। दो उप निरीक्षकों के निलंबित किए जाने के बाद अन्य दरोगा लंबित पड़ी विवेचनाओं को निस्तारित करने में जुट गए। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि विवेचना में लापरवाही बरतने पर दोनों दरोगा निलंबित किए गए हैं।

## फूड प्वाइजनिंग से बच्चे की मौत, परिवार के पांच सदस्य अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, पूरनपुर

- पूरनपुर के ग्राम राहुल नगर चंदिया हजारा का मामला, मैगी चावल खाने के बाद बिगड़ गई थी हालत
- तीसरे दिन दोबारा तबीयत खराब होने पर पानी पिलाकर सुलाया फिर नहीं उठा 12 साल का रोहन
- एक बच्चे का मेडिकल कालेज बाकी सदस्यों को पूरनपुर सीएचसी में चल रहा इलाज

**अमृत विचारः** मैगी चावल खाने से एक ही परिवार के छह लोगों की हालत बिगड़ गई। गांव के ही क्लीनिक में कराए गए प्रारंभिक इलाज में कुछ सुधार के बाद परिजन सभी को घर ले आए। मगर दूसरे दोबारा तबीयत बिगड़ी और 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जबकि परिवार के पांच अन्य लोगों को सीएचसी पूरनपुर भर्ती कराया है। सभी में फूड प्वाइजनिंग के लक्षण मिले हैं। बच्चे के शव का बिना पोस्टमार्टम कराए गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव राहुल नगर चंदिया हजारा के रहने वाले मनिराज खेती करते हैं। उनकी बेटी सीमा की शादी उत्तराखंड के देहरादून में हुई है। करीब एक माह पूर्व सीमा अपने बेटे रोहन (12), विवेक, बेटी संध्या के साथ मायके आ गई थी। गुरुवार शाम मनिराज के घर में मैगी चावल बने। परिवार के अधिकांश लोगों ने मैगी चावल खाए। कुछ देर बाद ही सीमा, उसके तीनों बच्चे, बहन संजू, भाभी संजना पत्नी जितेंद्र की हालत अचानक बिगड़ गई। शुक्रवार सुबह परिवार वालों ने उन्हें गांव के ही क्लीनिक में दिखाया। कुछ देर चले इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर सभी को परिजन घर ले आए। शुक्रवार रात दोबारा सभी की हालत बिगड़ना फिर से शुरू हो गई। उलझन के साथ दस्त होने लगे। इस बीच शनिवार सुबह करीब तीन बजे रोहन (12) पुत्र सोनू की मौत हो गई। इस घटना से परिवार के अन्य लोग घबरा गए। सभी को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीमा के दूसरे बेटे विवेक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गांव में घटना का शोर मचते ही हड़कंप मच गया। आसपास के लोग भी परिवार वालों का हाल-चाल लेने में जुटे रहे।



सीमा।



संजना।



विवेक।



संजू।

### मैगी चावल खाने से बिगड़ी हालतः डॉ.राशिद

सीएचसी पूरनपुर के डॉ.राशिद ने बताया कि एक परिवार के कुछ लोग सीएचसी लाए गए थे। उन्हें भर्ती करके इलाज किया जा रहा है। मरीजों में मैगी चावल खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग के लक्षण हैं। इलाज किया जा रहा है, स्वास्थ्य में सुधार है।

### ऐसा सोया कि दोबारा उठा ही नहीं रोहन

पड़ोसियों के मुताबिक गांव के क्लीनिक में इलाज के बाद शुक्रवार सुबह रोहन अन्य परिजन संग घर आ गए थे। रात में ही दोबारा रोहन को सबसे अधिक बेचैनी हो रही थी। वह घर में बनी खिचड़ी खाने के बाद सोने चला गया। मगर देर रात उसे उलझन हुई और वह चारपाई से नीचे उतरकर जमीन पर बैठ गया। कुछ कदम चलने के बाद परिजनों ने उसे फिर आराम करने के लिए बिस्तर पर लिटा दिया। देर रात उसे प्यास लगी। इस पर मां सीमा ने ही उसे पानी पिलाया और फिर सुला दिया। इसके बाद वह उठा ही नहीं। शनिवार सुबह जब वह उठा नहीं तो परिवार वालों को चिंता हुई। जब चेक किया तो वह मृत निकला। इसी के साथ चीख पुकार मची रही।

### मौत के बाद जागे...लिया मैगी का सैंपल



दुकान से नूडल्स का नमूना लेती टीम। ● अमृत विचार

**पूरनपुर।** राहुल नगर में नूडल्स खाने के बाद बच्चे की मौत परिवार के अन्य सदस्यों के बीमार होने की घटना सामने आने के बाद खलबली मच गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने राहुल नगर में छापा मारा। किराना दुकान से नूडल्स का सैंपल लिया गया। बताते हैं कि इसी दुकान से नूडल्स खरीदे गए थे। शनिवार दोपहर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम राहुल नगर पहुंची। फूड इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने जिस दुकान से नूडल्स खरीदे गए थे, वहां पहुंचकर जांच पड़ताल की। दुकानदार ने नूडल्स के खाली पैकेट जला दिए। पूछताछ पर दुकानदार ने पूरनपुर के शेरपुर रोड पर एक किराना स्टोर से थोक में नूडल्स के पैकेट खरीदने के बारे में बताया। इस पर खाद्य सुरक्षा की टीम ने उक्त किराना स्टोर पर छापेमारी की। दुकान से नूडल्स के 20 पैकेट सैंपल का सैंपल लिया गया। छापेमारी के दौरान नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित भी मौजूद रहे। फूड इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि घटना के बाद संदिग्ध नूडल्स जांच के लिए भेजे जाएंगे। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी को लेकर कस्बे की कई दुकानों से नूडल्स के पैकेट हटा दिए गए।

## सीओ ने सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहन खदेड़े

संवाददाता, पूरनपुर



वाहनों को हटवाते सीओ आलोक सिंह। ● अमृत विचार

- चालक के भागने पर इको सीज, तीन का किया चालान
- अवैध वसूली की शिकायत पर एक हिरासत में लिया

**अमृत विचारः** सड़क हादसों को रोकने के लिए सीओ ने सिरसा चौराहे पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों को हटवाया। बसों को भी स्टैंड पर खड़ा कराया गया। चेकिंग के दौरान चालक इको छोड़कर भाग गए। अवैध वसूली की शिकायतें आई। जिस पर एक युवक को हिरासत में लिया गया। कार्रवाई करते हुए एक ईको सीज जबकि तीन के चालान किए गए।

सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहन हादसों की वजह बन रहे हैं। इसको लेकर सीओ आलोक सिंह ने शनिवार को कोतवाली पुलिस के साथ असम हाईवे के सिरसा चौराहे पर कार्रवाई की। पुलिस के पहुंचते ही तीन चालक इको छोड़कर भाग गए। पुलिस ने दस्तावेज न होने पर एक इको को सीज कर दिया जबकि तीन के चालान काटे। चौराहे पर पहुंचने वाली सरकारी और निजी बसों को बस स्टैंड पर भिजवा दिया गया। सीओ ने कहा कि चौराहे पर भीड़ बनी रहती है। वाहनों के सड़क पर खड़े होने से हादसे की आशंका है।

चालकों से चौराहे के पीछे मैदान में वाहन खड़ा करने के निर्देश दिए हैं। इको चालकों ने अवैध वसूली करने की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने चौराहे पर मौजूद एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले गई। सीओ ने सड़क पर वाहन खड़ा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला, कस्बा इंचार्ज प्रद्युम्न कुमार मौजूद रहे।

### चौकीदार पर लगाया उगाही का आरोप

सिरसा चौराहे पर सड़क पर खड़े वाहन हटवाते समय सीओ आलोक सिंह ने चालकों से अवैध रूप से चल रहे स्टैंड के बारे में पूछा। चालकों ने बताया कि एक चौकीदार समेत कुछ लोग चौराहे पर वाहन खड़े करने और सवारी ले जाने के नाम पर वसूली करते हैं। सीओ ने कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## कोर्ट मैरिज के एक सप्ताह बाद पति पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गांव रंपुरिया की जगदेई ने ससुरालीजन पर लगाए आरोप
- कहा-पति की दूसरी जगह शादी कराने चाहते हैं ससुरावाले

**अमृत विचारः** कोर्ट मैरिज के एक सप्ताह बाद ही युवती की ओर से पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में रंपुरिया गांव निवासी जगदेई ने बताया कि उसने गांव के ही रामगोपाल से दो मई को कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद जब ससुराल गई तो ससुराल वाले गाली गलौज करने लगे। कुछ दिन बाद पति को छिपा दिया। बाद में पता चला कि पति की दूसरी जगह शादी कराने वाले हैं। लड़की पक्ष से तीन लाख रुपये भी ले लिए थे। लड़की पक्ष को जब पूरे मामले की जानकारी हुई तो रिश्ता टूट गया और रुपये भ वापस करने पड़े। इसके बाद से आरोपी पीड़िता पर तीन लाख रुपये का दबाव बना रहे थे। इसे लेकर मारपीट भी की गई। पुलिस ने मामले में पति रामगोपाल, धनदेयी, गंगाराम, हरिप्रसाद, नीरज समेत सात पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

## बारिश से पीटीआर में थमे सफारी वाहनों के पहिए



दूसरी शिफ्ट में संचालन बंद होने से नेहरू पार्क के समीप खड़े सफारी वाहन।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बारिश के चलते दूसरी शिफ्ट में नहीं चले सफारी वाहन तो मायूस हुए सैलानी
- शनिवार सुबह हुई बारिश से जंगल मार्गों पर हुआ जलभराव और कीचड़ से बढ़ी दिक्कत

**अमृत विचारः** शनिवार सुबह हुई बारिश के चलते पीटीआर में सफारी वाहनों का संचालन बंद रहा। जंगल मार्गों पर हुए जलभराव और कीचड़ को देखते दूसरी शिफ्ट में सफारी वाहनों का संचालन न होने से सैर करने पहुंचे सैलानियों को बैरंग लौटना पड़ा। जिसके चलते सैलानियों में मायूसी देखी गई।

बाघों की बढ़ती संख्या और अपनी खूबसूरती के लिए देश-विदेश में पहचान बन चुके पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इस बार देश के कोने-कोने से ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों से सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। चालू पर्यटन सत्र में देशी-विदेशी सैलानियों की आमद पिछले सभी पर्यटन सत्रों का रिकॉर्ड तोड़ती नजर आ रही है। इन सैलानियों को पीटीआर में इको टूरिज्म स्पॉट समेत अन्य टूरिज्म प्वाइंटों तक सैर कराने के लिए सफारी वाहनों का संचालन किया जा रहा है। पीटीआर में सफारी वाहनों का संचालन रोजाना दो शिफ्टों में किया जा रहा है। इधर शनिवार सुबह जनपद में झमाझम बारिश हुई। इससे पीटीआर के सफारी रूटों पर जलभराव के साथ जगह-जगह कीचड़ हो गई। इस पर टाइगर रिजर्व प्रशासन ने दूसरी शिफ्ट में सफारी वाहनों के संचालन पर रोक लगा, ताकि सैलानियों को कोई असुविधा न हो। हालांकि पहली शिफ्ट में सफारी वाहनों का संचालन किया गया, लेकिन पहली शिफ्ट में कम सैलानी ही पीटीआर की सैर करने पहुंचे। इधर दूसरी शिफ्ट में सफारी वाहनों से जंगल की सैर करने पहुंचे सैलानियों को बिना सैर किए ही बैरंग घरों को लौटना पड़ा। इसके चलते सैलानियों में मायूसी देखी गई। इस संबंध में महोफ रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र कुमार यादव ने बताया कि बारिश के कारण दूसरी शिफ्ट में सफारी वाहनों का संचालन बंद किया गया है। जंगल मार्गों पर जलभराव आदि को देखते हुए निर्णय लिया गया है।


**दिक्कत** एमसीएच विंग के भवन में पानी की निकासी का नहीं किया गया इंतजाम, शनिवार को बारिश में हुआ जलभराव तो सुधार करने की तैयारी में जुटे जिम्मेदार

## भवन हैंडओवर में लापरवाही, खामियाजा भुगत रहे मरीज और स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज बनने के बाद भले ही महिला अस्पताल को एमसीएच विंग में शिफ्ट कर दिया हो। लेकिन वहां अभी भी सुविधाओं को अकाल पड़ा हुआ है। जिस वजह से वहां काम करने वाले स्टाफ और इलाज की आस में आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि जिस भवन में महिला अस्पताल को शिफ्ट किया गया है। उस भवन में तमाम अनियमितताएं उजागर हो रही है। जिसको अब प्राचार्य ठीक कराने का दावा कर रही है।

जिला अस्पताल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत गर्भवती और नवजात शिशुओं के बेहतर इलाज के लिए सौ बेड की एमसीएच विंग का निर्माण वर्ष 2018 में कराया गया था। निर्माण पूरा होने के बाद इस भवन को आनन फानन में हैंडओवर कर दिया गया था। मगर हैंडओवर करने वाले तत्कालीन अफसरों ने उसकी गुणवत्ता को चेक नहीं किया था। हैंडओवर होने के बाद भवन काफी समय तक खाली पड़ रहा। वर्ष 2020 में कोरोना ने दस्तक दी तो हर तरफ हड़कंप मच गया। शासन ने सभी जगह एल- 2 कोविड अस्पताल बनाने के निर्देश दिए तो तत्कालीन सीएमओ डॉ. सीमा अग्रवाल ने इस भवन में कोविड अस्पताल की शुरुआत कराई थी। मगर कोरोना जाने के बाद इस भवन की मरम्मत तक करना जरुरी नहीं समझा। कोरोना खत्म होने के बाद सिर्फ इस भवन के प्रथम तल पर महिला ओपीडी को चालू कर दिया गया था। लेकिन मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिलने के बाद पुरुष और महिला अस्पताल का समायोजित करा दिया गया। प्राचार्य डॉ.संगीता अनेजा ने महिला अस्पताल को पूरी तरह से एमसीएच विंग में शिफ्ट कर दिया। लेकिन अस्पताल को शिफ्ट करने के दौरान भवन में फैली अनियमितताओं को दुरुस्त कराने की जहमत नहीं उठाई। अस्पताल शिफ्ट होने के बाद आलम यह है कि कभी पानी को लेकर रोना बना रहता है। तो कभी मरीजों को एक मंजिल से दूसरे मंजिल पर ले जाने के लिए सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ता है। जबकि इस भवन में लिफ्ट लगी हुई है। जिसको ठीक नहीं कराया गया है। ऐसे में गर्भवती और बच्चों को सीढ़ियों से ही जाना पड़ता है। इतना ही नहीं भवन में कई जगह वार्डो के शीशे और दरवाजे भी टूटे पड़े हैं। तो वहीं छत पर रखे पानी के टैंक भी खराब हो चुके हैं। जिस वजह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शनिवार को हुई 50 मिनट की बारिश में एमसीएच विंग में पानी का निकास न होने के कारण जलभराव हो गया। जिस वजह से मरीजों और डॉक्टरों को परेशानी उठानी पड़ी। इतना ही नहीं रास्ता ऊंचा नीचा होने के कारण कैंपस में भी जलभराव हो रहा है। जिस वजह से मरीजों को आने जाने में भी दिक्कत हो रही है। जिसको अब मेडिकल कॉलेज के अफसर दुरुस्त कराने का दावा कर रहे हैं।



मेडिकल कॉलेज की एमसीएच विंग के बाहर भरे गंदे पानी से होकर गुजरती महिला।

> एमसीएच विंग मेरे कार्यकाल से पहले का बना हुआ है। अब इस भवन का प्रयोग किया जा रहा है। जिसमें खामियां निकलकर आ रही हैं। जिनको दुरुस्त कराने के लिए इंजीनियर सें संपर्क करते हुए ठीक करा रहे हैं। लिफ्ट को ठीक कराने के लिए कंपनी से संपर्क हो चुका है, जल्द ही खामियों को दूर कराया जाएगा।
> **– डॉ. संगीता अनेजा,** प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

## एक नजर

### खेत से पंपिंग सेट चोरी

**घुंघचिहाई।** थाना क्षेत्र के गांव लोहन्ना सोहन्ना निवासी दर्शन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके खेत में पंपिंग सेट लगा था। शुक्रवार रात फसल की सिंचाई करने के बाद पंपिंग सेट खेत पर ही छोड़ गए थे। दूसरे दिन शनिवार को खेत पर गए तो पता चला कि पंपिंग सेट चोरी कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ग्रामीण ने जहर खाकर दी जान

**माधोटांडा।** घरेलू कलह के चलते ग्रामीण ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने सूचना मिलने पर जानकारी जुटाई। बता दें कि कस्बा माधोटांडा के निवासी देव कुमार (25) पुत्र दुलीराम मजदूरी करते थे। शनिवार सुबह उसने घर पर रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले सीएचसी लेकर आए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस सीएचसी पहुंची और जानकारी जुटाई। एसओ अचल कुमार ने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते युवक ने खुदकुशी की थी। परिवार वाले कार्रवाई नहीं चाहते थे। शव पंचनामा भरकर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया था।

# ...आसान नहीं होगा गेहूं खरीद का लक्ष्य पाना

## जिले में अब तक महज 11.18 फीसदी ही हो सकी खरीद, जिम्मेदार तीन फार्मूलों पर कर रहे गेहूं की खरीद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गेहूं की खरीद को लेकर प्रशासन ने दावे किए तो साथ ही जनपद का गेहूं बाहर न जाए, इसको लेकर निगरानी टीमें भी बनाई। कम गेहूं खरीद पर ताबड़तोड़ कार्रवाईयां भी की गई, इसके बावजूद जिम्मेदारों के लिए गेहूं की खरीद बड़ी चुनौती बनी हुई है। तमाम सख्ती के बाद भी गेहूं सरकारी केंद्रों के बजाए आढ़ती, मिलर्स एवं व्यापारियों तक पहुंच रहा है। फिलहाल, जिम्मेदार सम्मानजक लक्ष्य हासिल करने के लिए अब तीन फार्मूले पर गेहूं खरीद बढ़ाने में जुटे हैं।

जनपद में शासन के निर्देश पर पहली मार्च से गेहूं खरीद को 145 क्रय केंद्र खोले गए थे। मगर, फसल तैयार न होने के कारण सरकारी खरीद तीन अप्रैल से शुरू हो सकी थी। पिछले गेहूं सीजन में हुई फजीहत से बचने के लिए प्रशासन ने शुरूआती दौर में ही गेहूं खरीद पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। जनपद के गेहूं को गैर जनपदों में ले जाने पर प्रतिबंध लगाते हुए जनपद सीमाओं पर बैरियर लगाकर निगरानी टीमें मुस्तैद कर दी गई। किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों तक जाने के लिए तमाम प्रयास किए गए, लेकिन गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ सकी थी। उस दौरान शासन से आए प्रमुख सचिव खाद्य एवं विशेष सचिव खाद्य ने जनपद दौरे पर जिले में हुई कम गेहूं खरीद पर नाराजगी जताते हुए कम गेहूं खरीद करने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके बाद प्रशासन एक्शन मोड में आ गया। शासन, मंडल स्तर से लेकर जिला स्तर पर रोजाना ही गेहूं खरीद की समीक्षा की गई। कम गेहूं खरीद करने वाले केंद्र प्रभारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाने लगा, वहीं गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारियों को नोटिस भेजकर गेहूं खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए गए। एक्शन का असर भी हुआ। मंडल में जिला गेहूं की दैनिक खरीद में अव्वल रहा, लेकिन शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद करने में अफसर असफल दिखते ही नजर आ रहे हैं। फिलहाल अब गेहूं खरीद को बढ़ाने के लिए 200 क्विंटल तक सत्यापन की बाध्यता को समाप्त कर रविवार को भी गेहूं खरीद की जा रही है।

वहीं जिले के सभी 145 क्रय केंद्रों को डिस्बेल कर केंद्र प्रभारियों को गांव जाकर सीधे खरीद करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। गेहूं खरीद से जुड़े अफसर गेहूं खरीद बढ़ाने को रोजाना दौड़ भाग कर रहे हैं। इन सबके बावजूद अधिकारियों के लिए गेहूं की खरीद चुनौती बनी हुई है।



मंडी में गेहूं तौल करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### जिले में 34445 एमटी हुई गेहूं खरीद

शासन द्वारा जनपद को 3.08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक शनिवार तक 34445.4 मीट्रिक टनगेहूं खरीद की जा चुकी है। जोकि दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष महज 11.18 फीसदी ही है। गेहूं खरीद में पीसीयू सबसे फिसड्डी साबित हो रहा है। पीसीयू के जिले में 33 क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

> गेहूं की खरीद बढ़ाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। कम गेहूं खरीद करने वाले केंद्र प्रभारियों को चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही लक्ष्य से खरीद कम होने पर प्रभारियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। दैनिक खरीद पर लगातार निगाह रखी जा रही है। –**विजय कुमार शुक्ला**, डिप्टी आरएमओ

# मलेरिया पकड़ रहा रफ्तार आंकड़ा पहुंचा 106 के पार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बिलसंडा में चल रहे कैंप में 106 लोगों की जांच में निकले 22 मरीज
- गंदगी से पनप रहे मच्छरों से बढ़ी दिक्कत, संजीदा नहीं जिम्मेदार

**अमृत विचारः** संक्रामक बीमारियों के बीच इस बार मलेरिया का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। पिछली बार की तरह इस बार फिर बिलसंडा में मलेरिया तेजी पकड़े है। हालांकि मलेरिया विभाग का दावा है कि इस बीमारी नहर किनारे बसे गांवों में केस निकल रहे हैं। अकेले बिलसंडा क्षेत्र में मलेरिया मरीजों की संख्या 106 के पार हो गई है। इसको देखते हुए विभाग की ओर से इन गांवों में साफ सफाई और दवा का छिड़काव करने का सुझाव दिया गया है।

शुक्रवार को मलेरिया विभाग की ओर से हेल्थ कैंप लगाया गया है। जहां कुल 150 लोगों की जांच की गई है। जिसमें 22 मलेरिया पॉजिटिव निकले। इनमें मुरैना में 10 सीएचसी में आए दो मरीज, अमखेड़ा में आठ और बिलहरा में दो केस निकले हैं। टीम ने इन केसों को ट्रेस करने के बाद उनका इलाज शुरु कर दिया है। साथ ही इन मरीजों के गांवों में जाकर पड़ताल की गई तो पता चला कि यह गांव नहर किनारे बसे हुए हैं। जहां गंदगी की भरमार है। साथ ही नाले नालियां चोक पड़ी है। जिस वजह से मलेरिया का मच्छर पनप रहा है। क्योंकि मलेरिया का मच्छर गंदगी में पनपता है। इसलिए वहां यह समस्या आ रही हैं। यह गांव पहले ही संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। जिन पर लगातार निगरानी की जा रही है। मलेरिया विभाग की ओर से नालियों में लार्वा नष्ट करने वाली दवा का छिड़काव कराया गया है। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि मलेरिया का प्रकोप बिलसंडा में तेजी से फैल रहा है। वहां टीमें काम कर रही है। लगातार कैंप लगाकर जांचें कराई जा रही है।

# पीलीभीत में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही भाजपा



बैठक में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक, कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद भी हुए शामिल

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शनिवार को कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पीलीभीत सीट पर लोकसभा प्रत्याशी रहे कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद भी शामिल हुए। मतदान के बाद उनके आगमन पर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि जिस तरह से चुनाव में पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने आशीर्वाद और सहयोग दिया, वह अतुलनीय है। पीलीभीत की जनता का आभार जताते हुए कहा कि देश और उत्तर प्रदेश में निश्चित रूप से भाजपा विजय की ओर बढ़ रही है। जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि चार जून को पीलीभीत लोकसभा एक ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। इस मौके पर एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, हेमराज वर्मा, दीपक अग्रवाल, जिला महामंत्री लेखराज भारती, कमलेश गंगवार, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता मिश्रा, अमित संघर्षी, जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल आदि मौजूद रहे।

# घुंघचइया के पूर्व प्रधान का हार्ट अटैक से निधन

**बिलसंडा, अमृत विचारः** क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुंघचइया के पूर्व प्रधान सुभाष गंगवार उर्फ बबलू का शनिवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने निधन पर दुख जताते हुए दूरभाष पर परिजनों से वार्ता कर ढांढस बंधाया। तमाम लोग मृतक के घर पहुंचे और परिवार को धीरज बंधाया।

परिजन बताते हैं सुभाष हार्ट के मरीज थे। उनका इलाज भी चल रहा था। शनिवार सुबह अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, जिस पर बरेली अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें राहत नहीं मिली और मृत घोषित कर दिया। वह दो बार गांव के प्रधान चुने गए थे। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, देवदत्त सक्सेना, भाजपा नेता विक्रम गंगवार, अजय जायसवाल, विक्रम नरेश जायसवाल, हरीश गंगवार, नरेश प्रधान, मुन्ना लाल, प्रधान, रविन्द्र शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह यादव, पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, रमेश चंद्र गुप्ता, उमेश गुप्ता, सत्य प्रकाश गुप्ता, पंकज जायसवाल, नितिन वर्मा, सुखलाल गंगवार, अनिल सक्सेना, राजीश गुप्ता ने निधन पर दुख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अधूरे ओवरब्रिज से बिगड़ रही शहर में यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बाईपास पर ओवरब्रिज का काम रफ्तार नहीं पकड़ने से टनकपुर हाईवे पर आए दिन लग रहा जाम
- डीएम ने डीआरएम को भेजा पत्र, अधूरे पडे ओवरब्रिज का कार्य पूरा करवाने का किया आग्रह

**अमृत विचारः** चार सालों से निर्माणाधीन टनकपुर हाईवे-असम हाईवे बाईपास का कार्य पूरा न होने से शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा रही है। वजह यह है कि इस निर्माणाधीन बाईपास पर रेल पटरियों के ऊपर बनने वाले ओवरब्रिज का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते मंडल रेल प्रबंधक को पत्र भेजकर ओवरब्रिज का कार्य जल्द पूरा कराने का आग्रह किया है।

शहर को जाम से मुक्त रखने के लिए वर्ष 2016 में टनकपुर हाईवे से असम हाईवे के बीच 11 किलोमीटर लंबा बाईपास स्वीकृत किया था। इसके निर्माण की जिम्मेदारी राज्य सेतु निगम को दी गई। बाईपास निर्माण में किसानों की जमीन आने के बाद 62 करोड़ रुपये से जमीन अधिग्रहित कर कार्य शुरू कराया गया। सेतु निगम ने अधिकांश कार्य पूरा कर लिया गया। चूंकि बाईपास के रास्ते में दो स्थानों पर टनकपुर व मैलानी रेलखंड की रेल पटरियों के ऊपर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाना था। लिहाजा इन दोनों रेल खंडों पर ओवरब्रिज बनाने की जिम्मेदारी ब्रिक ट्रैक एंड टावर प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ को दी गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दोनों ओवरब्रिज का शिलान्यास किया। इसमें टनकपुर रेलखंड पर 2490.48 लाख और मैलानी रेलखंड का 2680.60 लाख से ओवरब्रिज का निर्माण होना था। इससे पहले ओवरब्रिजों का निर्माण शुरू हो पाता, कभी नक्शा तो कभी वन विभाग की आपत्ति के चलते निर्माण कार्य में अड़ंगा लगता रहा। हालांकि बाद में रेलवे द्वारा नक्शा मुहैया कराने के बाद कार्य शुरू कराया, तब वन विभाग ने अपनी जमीन बताते हुए आपत्ति लगा दी। बाद में वन विभाग ने भी एनओसी दे दी। इसके बाद राज्य सेतु निगम ने अपने हिस्से का अधूरा काम पूरा लिया।



निर्माणाधीन बाईपास पर अधूरा पड़ा ओवरब्रिज का कार्य। ● अमृत विचार

### गर्डर मिलने पर काम नहीं पकड़ रहा रफ्तार

गार्डर न मिलने से ओवरब्रिजों का निर्माण लंबे समय से अटका था। लंबे इंतजार के बाद गत वर्ष अक्टूबर में रेलवे ने कार्यदायी संस्था को ओवरब्रिज बनाने के लिए गर्डर उपलब्ध कराए। उसके बाद गर्डर लांचिंग को लेकर शुरुआत की गई, लेकिन एक-दो दिन काम होने के बाद बंद कर दिया गया। तबसे ओवरब्रिज का कार्य अधूरा पड़ा है। ऐसे में शहर के बीचोबीच गुजर रहे टनकपुर हाईवे पर वाहनों की तादाद बढ़ने से यातायात व्यवस्था भी चरमराती जा रही है। डीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि इज्जतनगर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखा है। पत्र में निर्माणाधीन बाईपास पर अधूरे पड़े ओवरब्रिजों का कार्य जल्द पूरा कराने के लिए निर्देशित करने को कहा गया है। बाईपास का निर्माण पूरा होने के बाद टनकपुर हाईवे से शहर के भीतर से जाने वाले अधिकांश वाहन बाईपास होते हुए असम हाईवे पर पहुंच सकेंगे। हाईवे पर वाहनों का लोड कम होने से शहर की यातायात व्यवस्था भी सुदृढ़ हो सकेगी।

### हादसे में युवक की मौत मामले में एफआईआर

**बीसलपुर।** शाहजहांपुरके थाना कटरा क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि उनका पुत्र अभिषेक कुमार बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर में अपनी ननिहाल गया था। वह अपने मामा पंकज की बाइक पर सवार होकर 11 दिन पूर्व ममेरे भाई पिंकू संग भोजपुर कटरा गांव जा रहा था। कटना नदी पुल के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। उसे बरेली के अस्पताल भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।





रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
नि:शुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक-12 मई 2024, दिन-रविवार समय-प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
- आँखो के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
- मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
- यदि मोतियोबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
- मोतियाबिन्द के मरीज घर से पहचान पत्र, राशन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक डॉक्यूमेंट अवश्य लायें, साथ ही कम्बल लाना न भूलें।
- दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।

नोट
निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांग जनो को उनकी जरुरत के मुताबिक ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीनें वितरण की जायेंगी प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें।
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से
अमृत लाल अध्यक्ष
नि:शक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093


# नारकीय जीवन जीने को विवश पतिजिया के ग्रामीण

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** पतिजिया गांव के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां पक्की सड़क न होने से आवागमन अवरूद्ध बना हुआ है। इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान देना नहीं चाहते। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों के सामने भी समस्या को हल करने की गुहार लगाई है लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने शनिवार को जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

ग्राम पंचायत सिंधौरा खरगपुर के मजरा गांव पतिजिया के लोगों का कहना है कि पिछले दो दशक से सिंधौरा खरगपुर के लोग ही प्रधान बनते रहे, जिन्होंने इस गांव के विकास की ओर ध्यान ही नहीं दिया। जबकि हर बार ग्राम पंचायत में विकास कार्य न कराए जाने की वजह से लोग प्रधान भी बदलते रहे हैं। आलम यह है कि गांव की छोटी छोटी गलियां भी कच्ची हैं। अक्सर बच्चे और बुजुर्ग कीचड़ भरे रास्ते में निकलते वक्त गिरजाते हैं। प्रधान और सचिव से इस समस्या से निजात दिलाने की कई बार मांग की गई, बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। इस गांव में करीब 100 मीटर मेन रोड का हिस्सा पीडब्लूडी की सीमा में आता है, जिसकी वजह से पीडब्ल्यूडी ने सीसी रोड बनवा दिया, अवशेष हिस्सा ऐसे ही छोड़ने से हर वक्त कीचड़ भरी रहती है। इससे मजबूर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में चंद्रपाल, रंजीत कुमार, सकटे लाल, खुशीराम, संजीव कुमार, संजय, मुकेश कुमार, विवेक कुमार, श्रीपाल ,राधेश्याम ,अनमोल, सोमवती, कटोरी देवी ,भगवत्ता देवी आदि थे।



बिलसंडा के गांव पतिजिया के मेन रोड पर भरा कीचड़युक्त पानी।

- कच्ची सड़कें, जलभराव, गंदगी की समस्या बनी मुसीबत
- समस्या अनसुना करने गांव वालों ने किया प्रदर्शन



बिलसंडा के गांव पतिजिया में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार



गांव विकास कार्यों से पूरी तरह वंचित है। मेन रोड एवं टूटी नालियों के कारण गांव की हालत काफी बदतर है। गांव में विकास कार्यों की उपेक्षा की जा रही है। जिसको लेकर ग्रामीण बद से बदतर जिंदगी जीने पर विवश है। – **खुशीराम, पतीजिया**



गांव के मेन रोड पर वर्षों से किसी भी प्रधान ने धेले का भी काम नहीं कराया। विकास कार्यों को तवज्जो न दिए जाने की वजह से यहां के लोगों को नारकीय जीवन जीना पड़ रहा है। इस बार भी मौजूदा प्रधान सिंधौरा खरगपुर की ही हैं, लेकिन उन्होंने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। – **संजीव कुमार, पतिजिया**



गांव में किसी भी जनप्रतिनिधि ने कभी भी तवज्जो नहीं दी। कई वर्षों से टूटी नालियों की मरम्मत भी नहीं कराई गई। जिस कारण कीचड़ युक्त पानी का सड़क पर जमावड़ा हो गया है। जिस कारण मच्छरों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। – **सोमवती, पतिजिया**



प्रधान-सचिव की अनदेखी से गांव की दशा अरसे से बदतर बनी हुई है। गांव के लोगों ने जिसे प्रधान चुना। उसने गांव की गलियों को दुरुस्त कराना तो दूर की बात मेन रोड की जरूरत ही नहीं समझी। विकास कार्यों की अनदेखी के कारण ग्रामीणों को बद से बदतर जिंदगी जीना पड़ रही है। – **चंद्रपाल**, पतिजिया

# गुड़गांव में सम्मानित हुए बिलसंडा के व्यापारी राजेश



गुड़गांव में पुरस्कार प्राप्त करते व्यापारी पंजा के पुत्र दीपांकर एवं उनकी पत्नी।

**बिलसंडा, अमृत विचारः** घरेलू उत्पाद बनाने वाली एक कंपनी के गुड़गांव में आयोजित हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में नगर के प्रमुख किराना व्यापारी राजेश जायसवाल पंजा का देश-भर में पांचवां स्थान आने पर उन्हें सर्वश्रेष्ठ व्यापारी के खिताब से नवाजा गया। गुड़गांव के एक होटल में शुक्रवार को हुए अधिवेशन में देश की तमाम व्यापारी हस्तियां मौजूद रहीं। इन सबके बीच जब छोटे से कस्बा बिलसंडा से पहुंचे राजेश जायसवाल का नाम मंच से लिया गया तो खुशी की लहर दौड़ गई। कंपनी की शेयर मार्केट में बड़ी भागीदारी और राष्ट्रीय स्तर पर पांचवी रेंक में शामिल हुए राजेश पंजा बताते हैं कि ये पल उनके लिए बेहद खास है। कंपनी के एमडी राहुल ज्ञानचंदानी एवं सीईओ प्रशांत राज ने पंजा के सुपुत्र शुभांकर जायसवाल, दीपांकर जायसवाल उनकी पत्नी शुभी जायसवाल को गोल्ड शील्ड देकर सम्मानित किया।

# नाटक मंचन से बताया नर्स का महत्व


**पूरनपुर।** नर्सिंग कॉलेज में धूमधाम से शनिवार को नर्सेज डे मनाया गया। विभिन्न कार्यक्रम हुए, जिसमें छात्राओं ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। नाटक मंचन से चिकित्सा क्षेत्र में नर्स के महत्व को बताया गया। पीलीभीत रोड पर स्थित संजय गांधी स्कूल आफ नर्सिंग में फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिन अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे के रूप में मनाया गया। इसकी शुरुआत हिमांशी गौतम और शालू लता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करके की। इस दौरान प्रियंका, निशा, स्मृति, नैंसी वर्मा, विपिन बाजपेई, दीप शिखा ने नाटक मंचन के द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में नर्स की उपयोगिता और महत्व को बताया। नाटक मंचन से छात्राओं ने संदेश दिया कि हर मरीज को उपचार के लिए नर्स की आवश्यकता पड़ती है। सुगंधी और शिवांगी ने इस अवसर पर गीत प्रस्तुत किए। इसके अलावा रितु और अनामिका ने समूह नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। केक भी काटा गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजवीर कौर, एडमिनिस्ट्रेटर ज्ञान प्रकाश गुप्ता, सत्य प्रकाश शर्मा, नरेंद्र कौर, पलविंदर कौर, बलजीत कौर, संगम सिंह, आकांक्षा पांडे, जसप्रीत कौर, सुमनदीप कौर आदि मौजूद रहीं।



केक काटकर नर्सेज डे मनाता स्टाफ। ● अमृत विचार

### कोर्ट के आदेश पर घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट

**पीलीभीत।** कोर्ट के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने मोहल्ला थान सिंह बजरिया निवासी रामबेटी की ओर से घर में घुसकर मारपीट, गाली गाली गलौज धमकाने और एससी एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें मोहल्ला काला मंदिर निवासी सरोज कुमार पांडेय, अशोक पांडेय, मनोज पांडेय व छह अज्ञात को आरोपी बनाया है। जिसमें 17 फरवरी की शाम करीब पांच बजे पुरानी रंजिश में घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है।


सप्तम पुण्यतिथि

(31.10.1933-12.05.2017)
स्व. श्री सूर्य प्रकाश अग्रवाल (सेवानिवृत्त लो.नि.वि.)
मुख्य संरक्षक श्री माँ मनोकामना वैष्णो धाम मंदिर, बरेली
की सप्तम पुण्यतिथि पर आपको श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए आपके बताए पथ पर चलने का संकल्प लेते हैं।
श्रद्धावनत परिवार
गायत्री अग्रवाल (पत्नी), कमल प्रकाश अग्रवाल-रश्मि, नवल प्रकाश अग्रवाल-संगीता, राजेश प्रकाश अग्रवाल-रीता (पुत्र-पुत्रवधू), रचना अग्रवाल-अजय अग्रवाल (पुत्री-दामाद), अभय, सृजन, वंश (पौत्र), दिव्यांश बंसल (धेवता)।
फर्म: अग्रवाल इलैक्ट्रिकल कांट्रेक्टर, 1-ए, वाटिका, सनसिटी विस्तार, बरेली।
मोबाईल : 9897110155, 9897246766, 9837176643

# मदर्स डे :बच्चों ने किया नृत्य और माताएं की गईं सम्मानित

## जिलभर के स्कूलो में हुए रंगारंग कार्यक्रम, बच्चों और उनकी माताओं के प्रस्तुतिकरण पर बजीं तालियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

जिले में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। स्कूल और कालेजों में रंगारंग कार्यक्रम हुए वहीं बच्चों ने भी खूब मस्ती की। बच्चों ने मम्मियों को बेहतर उपहार दिए तो मां ने भी बच्चों को गले से लगा लिया। लिटिल एंजेल्स स्कूल में मदर्स-डे कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक डॉ.संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, उपप्रधानाचार्य अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा ने संयुक्त रुप से की। फायरलैस कुकिंग में बनिशा, उमंग प्रथम, शिल्पी अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, नाजिया द्वितीय, प्रभा गंगवार, पूजा जायसवाल, खुशबू अग्रवाल तृतीय रहीं। फ्लावर मेकिंग में मिथलेश गंगवार प्रथम, शिवानी जायसवाल द्वितीय और अंशु पांडे तृतीय स्थान पर रहीं। सिंगिंग कंपटीशन में अल्पना सक्सेना प्रथम, आईना गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहीं। डांस प्रतियोगिता में सुमेधा जिंदल प्रथम, रसिका मिश्रा द्वितीय, साक्षी मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। रैंप वॉक में सुमेधा जिंदल प्रथम, उमंग दीप कौर द्वितीय और खुशबू अग्रवाल तृतीय स्थान पर आई। सांत्वना पुरस्कार साक्षी शर्मा, कनक को दिया गया। शिक्षिका हनीशा, माहिरा, तरुणा साहनी, नीतू, जावेद, खुशबू, गुरप्रीत, आंचल, छवि गीता, आनंद आदि मौजूद रहे।

गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें माताओं और बच्चों ने टीम बनाकर गेम्स खेले। विशेष फोटोसेशन भी हुआ। प्रबंधक निशांत गोस्वामी, संरक्षिका सोनिया गोस्वामी ने माताओं को सम्मानित किया। प्ले ग्रुप से मिराया और उसकी मां सुजाता प्रथम, मोक्ष सैनी व उनकी मां मीनू रानी द्वितीय, विधान वर्मा व उनकी मां शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा नर्सरी से दीपाली शर्मा, खुशबू प्रथम, काव्यांश अग्रवाल, मनिका अग्रवाल द्वितीय, अंश कुमार, रिंकी तृतीय, किंडरगार्टन में आरव गंगवार, बीना गंगवार प्रथम, सात्विक गुप्ता, ज्योति गुप्ता द्वितीय, शिवाय सक्सेना, दिशा सक्सेना तृतीय रहे। कैच द बॉल में मां हरप्रीत व पुत्री परिणीति विजेता रहीं। वॉकिंग विद किड्स में मां किरण शर्मा व पुत्र तक्ष विजेता रहे। संचालन प्रधानाचार्य नीलोफर अंसारी ने किया। बल्लभनगर कॉलोनी स्थित स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पर रंगारंग कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शगुन, अनन्ति, चारू, मिनाक्षी, श्रद्धा ने गणेश वंदना से की। मेरी प्यारी मम्मी.. गाने पर अंशिका रस्तोगी, अराध्या पाण्डेय, अयंक, कैलिश, आम, प्रिंस, रययान, शिवांष, उत्कर्ष, यश, वर्तिका, वंश, शौर्य, समृद्धि ने नृत्य प्रस्तुत कर मन मोह लिया। तेरी अंगुली पकड़ कर चला.. गाने पर आर्यवृत, आरव, राजा, श्रेष्टी, सौम्या, जिज्ञासा, आयूष, दर्श, प्रज्जवल, दृश्य, अरविंद, कार्तिक, अनाया, वंशिका, अंश, शिवांष, अगमप्रीत, अभिनव, नक्श, अक्ष, राजविकरम, देवांश और विधि ने नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा सात की शगुन ने मां पर कविता सुनाई।

रैम्प वॉक में शिखा प्रथम, सुखविंदर कौर द्वितीय रहीं। सैलड डैकोरेशन में जूही गुप्ता प्रथम रहीं। हैंकी एम्ब्राउडी में ममता गौर ने बाजी मारी। निदेशिका चारू धवन ने विजयी मदर्स को पुरस्कार दिए।


लिटिल एंजेल्स स्कूल में मदर्स-डे पर हुई प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करतीं माताएं। ● अमृत विचार


गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में मम्मी संग प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

### वन है कांटों का तू फुलवारी है ओ मां...



**बिलसंडा :** नगर के हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल में प्रबंधक विक्रम नरेश जायसवाल ने मातृ दिवस पर मां की महिमा का वर्णन करते हुए उसे त्याग, प्रेम, दया और स्नेह की मूर्ति बताया। प्रधानाचार्य असीम कुमार जौहरी ने कहा कि मां ही बच्चे की मूक भाषा को समझती है। सबसे पहले हमारे मुंह से जो शब्द निकला वह मां ही होता है। नेशनल पब्लिक स्कूल,त्रिलोकानंद इंटर कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज,रूप देवी पब्लिक स्कूल,रश्मि धर्मेंद्र इंटर कालेज में भी मदर्स डे मनाया गया। छात्रों ने नृत्य संगीत प्रस्तुत किए। इसी श्रृंखला में बच्चों ने तू कितनी अच्छी है, प्यारी प्यारी है, ओ मां ओ मां...तेरी उंगली पकड़कर चला आदि गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रिया जायसवाल,डा.गौरव शुक्ला,सौरभ शुक्ला, पारुल अवस्थी,सतनाम सिंह,किरण शिवानी,रमन,शेफाली,दुष्यंत शर्मा आदि मौजूद रहे।


स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में बच्चों को पुरस्कृत करती निदेशिका चारु धवन।

### बेनहर किड्स वर्ल्ड में बच्चों संग मां ने दिखाई प्रतिभाएं



**पीलीभीत।** मातृ शक्ति को सम्मानित करने के लिए बेनहर किड्स वर्ल्ड में शनिवार को मातृ दिवस मनाया गया। कक्षा प्री- नर्सरी से केजी तक के विद्यार्थियों की माताओं की बच्चों संग कई प्रतियोगिताएं कराई गई। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष हेडमिस्ट्रेस एवं स्कूल काउंसलर करिश्मा सैहमी, नर्सरी इंचार्ज मोहिनी उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित किया। कक्षा केजी के विद्यार्थियों ने माताओं के लिए समर्पित डांस किया। माताओं की नृत्य व गायन प्रतियोगिता हुई। माताओं की बच्चों के साथ युगल बंदी देखने योग्य थी। एडमिनिस्ट्रेशन करिश्मा सैहमी ने माताओं को मातृ दिवस की बधाई दी। सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को टाइटल दिए गए। जिसमें ऑसम अदाकारा बार्बी मैनी, डांस दीवाने समीक्षा गुप्ता, छोटे मियां बड़े मियां टाइटल प्रियंवदा गंगवार , ट्विंकल टोज़ दीक्षा मिश्रा, सिंफनी स्टार टाइटल से छाया को नवाजा गया। नर्सरी इंचार्ज ने कहा कि मां का सिर्फ एक ही दिन नहीं है बल्कि वह कौन सा दिन है जो मां के बिन है। मां का सम्मान सभी बच्चों को करना चाहिए। शिक्षिका काशिफा खानम, मनु सक्सेना ने संचालन किया। शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल, शिखा, एंजेल, सुनैना ,साक्षी ,मेघा जसमीत, रिचा, शिवांगी, नूतन, सलोनी आदि मौजूद रहे।

# अपहरण के आरोपों को गंभीरता से लेते तो पहले ही खुल जाता केस

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** अगर पुलिस ने अपहरण के आरोपों को गंभीरता से लिया होता तो केस पहले ही खुल गया होता। पिता ने पुलिस को दूसरी तहरीर देकर नौ मई को बेटी का अपहरण किए जाने का आरोप कुछ लोगों पर लगाया था, लेकिन पुलिस ने इस तहरीर को हल्के में लिया। अगर पुलिस गंभीरता दिखाती तो केस पहले ही खुल गया होता।

नौ मई को पिता की ओर से दी गई दूसरी तहरीर में कहा गया था कि उसके मकान से लगभग 20 फीट की दूरी पर शौचालय है और शौचालय की दीवार से लगी हुई एक झोपड़ी है, जिसमें दो चारपाई और एक तख्त पड़ा है। तख्त शौचालय से चिपका हुआ है। इसी झोपड़ी में गांव के कुछ लोग रात 12 बजे तक जमघट लगाए रहते हैं। उसे शक है कि इन्हीं लोगों ने पुत्री का अपहरण किया है। इस तहरीर के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।


घटनास्थल पर विचार-विमर्श करते फॉरेंसिक टीम के सदस्य।

पुलिस ने इसे हल्के में लिया। पिता ने बताया कि सात मई की रात करीब 11 बजे उसकी 23 वर्षीया बेटी घर के बाहर शौचालय में शौच करने अपनी मां से कह कर गई थी।

इसके बाद वह लौट कर नहीं आई। पिता ने आठ मई को मामले की तहरीर देकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई।

वह खुद भी बेटी की तलाश में लग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नौ मई को गुमशुदगी दर्ज कर ली। इसी दिन पिता ने दूसरी तहरीर दी और तीन सगे भाइयों और उनके पिता सहित छह लोगों के नाम उजागर करते हुए आरोप लगाया कि यह लोग उसे व उसके परिवार को घर में घुसकर कई बार लाठी-डंडों से पीट चुके हैं।

आरोपियों ने धमकी दी थी कि एक दिन उन्हें नीचा दिखाकर मानेंगे। वहीं पुलिस ने बताया कि आरोपियों से राजाराम का जमीनी विवाद चल रहा है। होली पर मारपीट की घटना होने पर एनसीआर दर्ज की गई थी।

### पुलिस चाहती तो जिंदा होती बहन

मृतक के बड़े भाई ने बताया कि पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन पुलिस ने एफआईआर की कॉपी तक नहीं दी और न ही बहन की बरामदगी के कोई प्रयास किए। शुक्रवार शाम को निगोही थाने पहुंचकर एक बार फिर पुलिस से बहन की बरामदगी की गुहार लगाई तो पुलिस ने उल्टा जवाब देते हुए कहा कि चुनाव कराएं या तुम्हारी बहन को खोजें। भाई ने कहा कि अगर पुलिस ने शुरुआत से ही बहन की बरामदगी और आरोपियों को पकड़ा होता तो उसकी बहन जिंदा होती।

### डेढ़ घंटे तहकीकात करते रहे एएसपी सिटी

जिस युवती के लापता होने की सूचना पर पुलिस लापरवाह दिख रही थी, उसकी हत्या का मामला सामने आने पर स्थानीय पुलिस से लेकर जिले के अधिकारी तक सकते में थे। एएसपी सिटी संजय कुमार और सीओ सदर अमित चौरसिया घटना की जानकारी मिलने पर शाम लगभग 5 :30 बजे घटना स्थल पर पहुंच गए। इसके बाद वह घटना स्थल से लेकर पीड़िता के घर तक परिजनों से घटना को लेकर बारीकी से सवाल-जवाब करते हुए तहकीकात करते रहे। एएसपी सिटी ज्यादातर मृतका के भाई से घटना के संबंध में कई बिंदुओं पर जानकारी करते रहे। वह शाम सात बजे परिवार को कार्रवाई का भरोसा देकर गांव से थाने के लिए लौट गए।

### गला दबाकर की गई थी सुखवीर की हत्या

**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** बहगुल नदी के किनारे पेड़ से लटके मिले सुखवीर उर्फ नन्हे का कटरा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। उसके शरीर में कई जगह चोट के निशान मिले हैं। इधर मृतक के परिवार वालों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं आई है।

थाना कटरा के गांव हीरपुर निवासी सुखवीर उर्फ नन्हें(17) शुक्रवार को दिन में भैंस चराने बहगुल नदी के किनारे जंगल में गया था। दोपहर को भाई उसे खाना देकर घर वापस लौट आया था। करीब दिन में तीन बजे लोगों ने नदी के किनारे सुखवीर का शव पेड़ से लटका हुआ देखा। जानकारी पर परिवार वाले पहुंचे और देखा कि उसका शव पेड़ से लटका हुआ था और पैर जमीन पर छू रहे थे। सूचना पर कटरा थाना प्रभारी गौरव त्यागी मौके पर पहुंचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस तथा फोरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य जुटाए।

# वंदे भारत से टकराकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● पटरी के किनारे नाले में मिला शव सिर में चोट के निशान

**अमृत विचार :** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से तेल टंकी के निकट पुल के नीचे एक युवक की टकराकर मौत हो गयी। जीआरपी को दो घंटे बाद उसका शव रेल पटरी के किनारे नाले में मिला। बता दें दीवार टूटी होने पर लोगों ने रेलवे ट्रैक पर आम रास्ता बना लिया है।

शुक्रवार की रात आठ बजकर दस मिनट पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन लखनऊ की ओर जा रही थी। रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से टकराकर एक युवक दूर जाकर गिरा। ट्रेन के लोको पायलट ने कंट्रोल तथा स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि इंजन से एक व्यक्ति टकरा गया है। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को मेमो दिया। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां सिपाहियों के साथ पुल के नीचे पहुंचे और ट्रेन से टकराए व्यक्ति की तलाश करने लगे। जीआरपी ने झाड़ी में तलाश किया लेकिन कुछ हाथ नहीं आया। पुलिस को दो घंटे बाद रेलवे लाइन के किनारे स्थित रेलवे नाले में युवक को पड़ा देखा। उसके सिर में चोट के निशान थे।

मृतक की उम्र 40 साल है और पैंट व शर्ट पहने हुए था। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो जेब से मोबाइल आदि नहीं मिला है। आस-पास के लोगों ने बताया कि रेलवे की टूटी दीवार से निकलकर रेलवे लाइन पार करके जा रहा था। टूटी दीवार को लोगों ने आम रास्ता बना लिया है। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रेहान खां ने बताया कि अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल बर्ष 2011 अनुक्रमांक 0869815 का अंक प्रमाण पत्र एवं सह प्रमाण पत्र और इन्टर मीडिएड बर्ष 2015 अनुक्रमांक 0726787 का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है । **अमित कुमार पुत्र हरीश कुमार ग्राम न्यामतपुर कोतवाली देवरनियाँ तहसील बहेड़ी (बरेली)**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल बर्ष 2016 अनुक्रमांक 0964251का अंक प्रमाण पत्र एवं सह प्रमाण पत्र और इन्टर मीडिएड बर्ष 20118 अनुक्रमांक 0784832 का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है । **मोहम्मद मुदस्सिर पुत्र अकिल अहमद निवासी मुडिया जागीर कोतवाली देवरनियाँ तहसील बहेड़ी (बरेली)**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल बर्ष 2008 अनुक्रमांक 0743937 का अंक प्रमाण पत्र एवं सह प्रमाण पत्र और इन्टर मीडिएड बर्ष 2010 अनुक्रमांक 0397552 का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है । **रूपकिशोर पुत्र मंगलसेन ग्राम बनाईया तहसील बहेड़ी जिला बरेली**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल बर्ष 2012 अनुक्रमांक 0995024का अंक प्रमाण पत्र एवं सह प्रमाण पत्र और इन्टर मीडिएड बर्ष 2015 अनुक्रमांक 0694176 का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है । **उपदेश कुमार शर्मा पुत्र गजेन्द्र कुमार ग्राम अटा पट्टी शुमाली थाना भोजीपुरा तहसील व जिला (बरेली)**

सूचना
मैंने अपने पुत्र सुजीत दास व उसकी पत्नी नीतू दास को गलत व्यवहार के चलते माह अक्टूबर 2022 से सभी संबंध सदा के लिए विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों का मैं,पुत्र सुसेन दास,ज्योतिष दास जिम्मेदार नही होंगे। **सुखरानी पत्नी स्व. गोपाल दास निवासी राजा कालोनी थाना न्यूरिया, पीलीभीत।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल बर्ष 2020 अनुक्रमांक 0810990 का अंक प्रमाण पत्र एवं सह प्रमाण पत्र और इन्टर मीडिएड बर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225622173 का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है । **प्रशांत गंगवार पुत्र प्रेमपाल ग्राम न्यामतपुर कोतवाली देवरनियाँ तहसील बहेड़ी (बरेली)**

किराये हेतु
दो कमरे का मकान
किचन, बाथरूम सहित
गली नं. 5, स्लीपर रोड, सी.बी. गंज, बरेली
संपर्क करें
8938963397

सूचना
हमने अपनी पुत्रवधू श्रीमती देवश्री पत्नी स्व. प्रमोद कुमार को गलत व्यवहार व चाल चलन ठीक न होने की वजह से अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कृत्य के लिए में व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **अतर सिंह पुत्र मटरु सिंह व श्रीमती सावित्री पत्नी श्री अतर सिंह ग्राम राजथल थाना इस्लामनगर बदायूं।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142
पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
●पित्त की पथरी ●पित्त की नली की पथरी ●अपेन्डिक्स ● हार्निया
●पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ●बच्चेदानी व रसौली ●आबेरियन सिस्ट
●एक्टापिक प्रगनेन्सी ●गदूद ऑपरेशन (TURP) ●पेट की जाँच।
●महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
●गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ●मात्र एक टीका और ऑपरेशन
नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो?
आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551

नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र
B.Sc. NURSING
प्रवेश हेतु 25.04.2024 से आवेदन
Website : http://www.abvmuup.edu.in
प्रवेश परीक्षा (CNET) दिनांक 14.06.2024
निःशुल्क कोचिंग
13.05.2024 से, शीघ्र रजिस्ट्रेशन
Mob.: 9410405769, 7599203105
महेन्द्र गायत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली
★ C.H.C. मीरगंज एवं खिरका, फतेहगंज पश्चिमी
★ इन्स्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एवं अस्पताल, आगरा
● G.N.M.● A.N.M.● D.P.T.
● D.OPT. ● DIPLOMA O.T.
● D. PHARMA ● BAMS

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Helpline:7521001993
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
द्वारा आयोजित
निःशुल्क भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से, PNS का चिकित्सा शिविर
धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से PNS आदि का सफल इलाज
दिनांक -13-5-2024 दिन सोमवार, समय प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
● शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/मस्से/Piles)
● गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
● कब्ज़ की शिकायत रहना
● शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
● बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
शिविर में आये हुये मरीजों की निःशुल्क शुगर की जाँच
निःशुल्क परामर्श
• धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
शिविर का स्थान
डा. रजनीश गंगवार का क्लीनिक
सम्राट अशोक नगर, गली नम्बर तीन के सामने, निकट डोहरा चौराहा (बरेली) मो नं 9457664462
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
नियमित सेवायें : क्षारसूत्र चिकित्सा की क्षारसूत्र विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा कमरा नं0 10

